an>

Title: Need to develop Ratanpur in Bilaspur district, Chhattisgarh as a tourist place -laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): रतनपुर, जिला – बिलासपुर छत्तीसगढ़) प्राचीन) समय में छत्तीसगढ़ की राजधानी रही है ।यह एक धार्मिक , पौराणिक एवं ऐतिहासिक शहर है । जहां पर अनेक प्राचीन मंदिर, किला, भवन, तालाब आदि स्थित है । नवरात्रि पर्व के समय यहाँ माँ महामाया के दर्शन हेतु लाखों श्रद्धालु आते हैं । इस प्रकार रतनपुर में एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएँ विद्यमान हैं । अतः मैं केंद्र सरकार से एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर रतनपुर जिला – बिलासपुर छत्तीसगढ़) को सर्वसुविधा युक्त पर्यटन) केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की मांग करता हूँ ।